भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग

# भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

[वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित]

वलियमला, तिरुवनंतपुरम - 695 547

## शैक्षिक वर्ष 2025-26 के एम. टेक. एवं विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था के रूप में वर्ष 2007 में स्थापित किया गया है। आईआईएसटी का लक्ष्य है (क) प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित करना,(ख) उच्च शैक्षिक मानकों को सुनिश्चित करने वाली प्रणाली स्थापित करना, (ग) अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों से जुड़े हुए क्षेत्रों एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में नवप्रवर्तनकारी अनुसंधान को सक्रियता से प्रोत्साहित करना ।

संस्थान के शैक्षिक वर्ष 2025-2026 के निम्नलिखित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

प्रवेश प्रक्रिया: आईआईएसटी में पी जी कार्यक्रमों में प्रवेश दो तरीकों से होगा

क. **A. MMA01- मशीन लर्निंग और कंप्यूटिंग:** **IIST** वेबपोर्टल के माध्यम से https://admission.iist.ac.in/

ख. **अन्य सभी शाखाएँ: सीसीएमटी – 2025 के माध्यम से अधिक जानकारी के लिए** https://ccmt.admissions.nic.in/ देखें

| विभाग | कार्यक्रम कोड | शाखा का नाम | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| वांतरिक्ष इंजीनियरी | MAE01 | थर्मल एन्ड प्रोपल्शन | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / रासायनिक इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान (वैकल्पिक भागों के रूप में द्रव यांत्रिकी और ऊष्मागतिकी के साथ) में वैध गेट स्कोर |
| | MAE02 | वायुगतिकी और उड़ान यांत्रिकी | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / नौसेना वास्तुकला और समुद्री इंजीनियरी / रासायनिक इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान (वैकल्पिक भागों के रूप में द्रव यांत्रिकी और ऊष्मागतिकी के साथ) में वैध गेट स्कोर |
| | MAE03 | स्ट्रक्चर्स एन्ड डिजाइन | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / सिविल इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान (सॉलिड मैकेनिक्स में) में वैध गेट स्कोर |
| | MAE04 | विनिर्माण प्रौद्योगिकी | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. |

| विभाग | कार्यक्रम कोड | शाखा का नाम | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| | | | (ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरी / धातुकर्म इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| एवियोनिकी | MAV01 | आरएफ और माइक्रोवेव इंजीनियरी | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| | MAV02 | डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| | MAV03 | वीएलएसआई और माइक्रोसिस्टम्स | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी / विद्युत् इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर। |
| | MAV04 | कंट्रोल सिस्टम्स | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत् इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / वांतरिक्ष इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / जैव चिकित्सा इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| | MAV05 | पवर इलेक्ट्रोनिक्स | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत् इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| रसायन | MCH01 | पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | (i) किसी भी विषय में एम. एस. सी.<br>or<br>किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>ii) रसायन विज्ञान / रासायनिक इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / धातुकर्म इंजीनियरी / भौतिकी / वांतरिक्ष इंजीनियरी / उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान (पदार्थ विज्ञान / बहुलक विज्ञान और इंजीनियरी के साथ XE) में वैध गेट स्कोर |
| पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान | MES01 | पृथ्वी तंत्र विज्ञान | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>(ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी /कृषि इंजीनियरी /सिविल इंजीनियरी /रासायनिक इंजीनियरी /कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी /विद्युत् इंजीनियरी /भूविज्ञान और भूभौतिकी/यंत्रीकरण इंजीनियरी /गणित/यांत्रिक |

| विभाग | कार्यक्रम कोड | शाखा का नाम | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| | | | इंजीनियरी /पेट्रोलियम इंजीनियरी /खनन इंजीनियरी /भौतिकी/इंजीनियरी विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर<br>या<br>(iii) किसी भी विषय में एम. एस. सी.<br>(iv) भौतिकी/भूविज्ञान और भूभौतिकी/गणित/इंजीनियरी विज्ञान में वैध गेट स्कोर |
| | MES02 | भू सूचना विज्ञान | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>या<br>किसी भी विषय में एम. एस. सी.<br>या<br>बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर<br><br>(ii) जियोमैटिक्स इंजीनियरी / सिविल इंजीनियरी / कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी / डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता / कृषि इंजीनियरी / वास्तुकला एवं योजना / विद्युत् इंजीनियरी / इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान / पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरी / गणित / खनन इंजीनियरी / भौतिकी में एक वैध गेट स्कोर |
| | MES03 | खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>or<br>किसी भी विषय में एम. एस. सी.<br><br>(ii) भौतिकी / इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत् इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी / इंजीनियरी विज्ञान (द्रव यांत्रिकी / ऊष्मागतिकी/ वायुमंडलीय एवं समुद्र विज्ञान के साथ) में वैध गेट |
| गणित | MMA01 | मशीन लर्निंग एवं कंप्यूटिंग **(Thro' IIST admission portal)** [**https://admission.iist.ac.in/**](https://admission.iist.ac.in/) | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>या<br>एम.एस.सी/ इंटीग्रेटेड -एम.एस.सी/ किसी भी विषय में इंटीग्रेटेड बी. एस.-एम. एस.<br>या<br>कंप्यूटर अनुप्रयोग में निष्णात<br><br>वांतरिक्ष इंजीनियरी / कृषि इंजीनियरी / बायोमेडिकल इंजीनियरी / बायोटेक्नोलॉजी / सिविल इंजीनियरी / रासायनिक इंजीनियरी / कंप्यूटर |

| विभाग | कार्यक्रम कोड | शाखा का नाम | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| | | | विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी / डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता / इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनीयरी / विद्युत् इंजीनियरी / पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / गणित / यांत्रिक इंजीनीयरी / खनन इंजीनियरी / धातुकर्म इंजीनियरी / नौसेना वास्तुकला एवं समुद्री इंजीनियरी / पेट्रोलियम इंजीनियरी / भौतिकी / उत्पादन एवं औद्योगिक इंजीनियरी / सांख्यिकी / टेक्सटाइल इंजीनीयरी और फाइबर विज्ञान / इंजीनियरी विज्ञान में वैध गेट स्कोर। |
| भौतिकी | MPH01 | प्रकाशिक इंजीनियरी | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>या<br>किसी भी विषय में एम.एससी.<br>(ii) भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी /इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी/यांत्रिक इंजीनियरी/कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी में वैध गेट स्कोर |
| | MPH02 | क्वांटम प्रौद्योगिकी | (i) किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>या<br>किसी भी विषय में एम.एससी.<br>(ii) भौतिकी / इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी / विद्युत् इंजीनियरी / डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता / कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में वैध गेट स्कोर। |

1. **शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता :-** सामान्य/आर्थिक रूप से पिछ्ड़े प्रवर्ग/ अन्य पिछ्डे प्रवर्ग के लिए न्यूनतम 60% अंक या 10 में से 6.50 सीजीपीए और अ. जा. / अ .ज. जा / दिव्यांग (पी डी) प्रवर्ग के लिए न्यूनतम 55% अंक या 10 में से 6.0 सीजीपीए के साथ बी. ई. / बी. टेक. /विज्ञान निष्णात या समतुल्य उपाधि । समतुल्य क्षेत्र में गेट में वैध स्कोर आवश्यक है।

2. जब अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र में सीजीपीए एवं समतुल्य प्रतिशत दोनों दिए गए हों, तब पात्रता के लिए केवल सीजीपीए पर ही विचार किया जाएगा।

<u>**शुल्क संरचना**:</u>

| शुल्क का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| ट्यूशन शुल्क (*)/ सत्रक | ₹35000(*) |
| इतर शुल्क / सत्रक | ₹5450 |
| कुल शुल्क (क) | **₹40450** |
| होस्टल शुल्क / सत्रक | ₹8750 |

| | |
|---|---|
| प्रवेश शुल्क (अप्रतिदेय) (एक बार) | ₹1500 |
| जमानत राशि (प्रतिदेय)(एक बार) | ₹5000 |
| **कुल शुल्क (ख)** | ₹15250 |
| **कुल योग पहला सत्रक (क+ख)** | ₹55700 |
| **दुसरे सत्रक से (क+ख - एक बार )** | **₹49200** |

**ध्यान दें :**

- **मेस की सुविधा भुगतान के आधार पर उपलब्ध होगी।**
- अतिरिक्त शुल्क: पूरक परीक्षा शुल्क ₹100 / - प्रति पेपर और शोध प्रबंध प्रस्तुति ₹1000 / - और दीक्षांत शुल्क ₹2000 / - एवं पूर्व छात्र पंजीकरण शुल्क ₹500 / - जिन्हें अंतिम सेमेस्टर शुल्क के साथ एकत्रित किया जाएगा।
- **एम.टेक के जो छात्र गेट परीक्षा में वैध स्कोर प्राप्त करते हैं, उन्हें एआईसीटीई के माध्यम से छात्रवृत्ति मिलेगी।**
- जो छात्र विज्ञान निष्णात कार्यक्रम में प्रवेश लेते हैं, उनकी छात्रवृत्ति आईआईएसटी द्वारा दी जाएगी।
- एम. टेक/विज्ञान निष्णात छात्रों को आवश्यकतानुसार अपने विभाग के शैक्षिक कार्यक्रमों में मदद करनी होगी।
- शुल्क वापसी यूजीसी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर की जाएगी।

## आईआईएसटी प्रवेश पोर्टल से MMA01: मशीन लर्निंग एवं कंप्यूटिंग में प्रवेश के लिए सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन देने के लिए पात्र है।
2. **जो उम्मीदवार सीट की पुष्टि करता है, उसे ₹14200/-रुपए सीट स्वीकृति शुल्क (अन्य शुल्क सहित होस्टल शुल्क) के रूप में अदा करना होगा।**
3. **शेष शुल्क बाद की तारीख में एकत्रित किया जाएगा, जिसकी सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।**
4. किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही प्रक्रमण के लिए विचार किया जाएगा।
5. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ (नॉन–क्रीमी लेयर)/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग / दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी के उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से पहले प्रवेश पोर्टल में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार संबंधित प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा। **सामान्य – आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग /ओ बी सी – एन सी एल श्रेणी के उम्मीदवारों को संस्थान में रिपोर्टिंग के दौरान 01/04/2025 को या उसके बाद जारी किए गए अद्यतन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।**
6. सामान्य – आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग /ओ बी सी – एन सी एल / अ.जा./अ.ज.जा./ दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों के आवेदन केवल प्रासंगिक प्रमाण ऑनलाइन प्राप्त होने के बाद ही संसाधित किए जाएंगे। अन्य शब्दों में, ऑनलाइन रूप से प्रमाण प्रस्तुत नहीं करने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
7. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग / दिव्यांग के सीटों का आरक्षण, भारत सरकार के आदेशानुसार लागू है।
8. यदि अ.ज.जा. की सीटें खाली रह जाती हैं, तो उन्हें अ.जा. श्रेणी के उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा।
9. **सामान्य, ओबीसी तथा ईडब्ल्यूएस में पुरुष उम्मीदवार के लिए आवेदन शुल्क ₹600 /- है (अ.ज./अ.ज.जा./ दिव्यांग एवं महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क ₹300 /- है)।**

10. **आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तिथि 12.06.2025 है।**
11. **आवेदन शुल्क प्रतिदेय नहीं है।**
12. **वैध गेट स्कोर के आधार पर लघुसूचित** आवेदकों **को** साक्षात्कार में भाग लेना आवश्यक **होगा।**
13. **साक्षात्कार गणित और कंप्यूटर विज्ञान के बुनियादी विषयों पर केंद्रित होगा।**
14. ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए लघुसूचित उम्मीदवारों की सूची जून 18, 2025 को आईआईएसटी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। लघुसूचित उम्मीदवार पोर्टल से ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए अपना कॉल लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
15. **साक्षात्कार वीडियो कॉन्फ्रेंस मोड के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।**
16. अनंतिम रैंक सूची उम्मीदवार के गेट स्कोर एवं साक्षात्कार स्कोर के आधार पर तैयार की जाएगी।
17. अनंतिम प्रवेश सूची प्रकाशित होने के बाद, उम्मीदवार को निर्धारित तिथि के अंदर ऑनलाइन **(E - pay )** के माध्यम से ₹14,200/ - सीट स्वीकृति शुल्क प्रेषित करना होगा।
18. अगर अनंतिम प्रवेश सूची के उम्मीदवार निर्धारित तिथि के अंदर शुल्क जमा करने में असफल हो जाए तो, सीट रैंक/प्रतीक्षा सूची के अगले उम्मीदवार को आबंटित की जाएगी।
19. **रैंक सूची एवं प्रतीक्षा सूची में चयनित सभी उम्मीदवारों को तालिका 2 में दी गई निर्दिष्ट तिथियों में वेब पोर्टल पर "रिवालिडेट ऐन्ड प्रोसीड" विकल्प चुनकर आगे की आवंटन प्रक्रिया के लिए अपनी सहमति की पुष्टि करनी होगी।**
20. **जो उम्मीदवार निर्दिष्ट तिथियों पर 'रिवालिडेट' विकल्प का उपयोग करके अपनी सहमति की पुष्टि नहीं करते हैं, उन्हें भविष्य की किसी भी रिक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। (तथापि, यदि उम्मीदवार ने शुल्क का भुगतान किया है तो उनकी मौजूदा आवंटन स्थिति बनी रहेगी।)**
21. हालांकि, उम्मीदवार उस आवंटित कार्यक्रम से अपना नाम वापस ले सकते हैं जिसमें वे आवंटन सूची/प्रतीक्षा सूची में शामिल हैं।
22. अगर उम्मीदवार की सीट पक्की हो गई है और वह शुल्क का भुगतान करने के बाद कक्षाएं प्रारंभ होने से पहले अपना नाम वापस लेना चाहता है, तो वह आपना अनुरोध academics@iist.ac.in पर भेज सकता है। यूजीसी के दिशा निर्देशों के अनुसार शुल्क वापस कर दिया जाएगा।
23. जो छात्र 2024-25 में अपनी योग्यता स्नातक कार्यक्रम पूरा कर रहे हैं, उन्हें 30 सितंबर, 2025 तक या उससे पहले समेकित अंक तालिका / सभी सेमेस्टरों की अंक तालिका के साथ अनंतिम / उपाधि प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। स्नातक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक प्रवेश को अनंतिम माना जाएगा और जिन छात्रों ने उपाधि प्रमाणपत्र/सत्यापन प्रमाणपत्र/स्नातक प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया है, वे छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा, जिन छात्रों ने सितंबर 30, 2025 को 1700 घंटे से पहले उपाधि प्रमाणपत्र/स्थानांतरण प्रमाणपत्र/अनंतिम प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया है, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और ऐसे छात्र आईआईएसटी में आगे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए पात्र नहीं होंगे। सितंबर 30, 2025 को या उससे पहले प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर, छात्रवृत्ति का भुगतान कक्षाओं के प्रारंभ होने की तिथि से या कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से, जो भी पहले हो, प्रभावी रूप से किया जाएगा।
24. जिन छात्रों ने 2024-25 से पहले अपनी योग्यता उपाधि प्राप्त कर ली है, उन्हें प्रवेश के समय सभी प्रमाण पत्र और स्थानांतरण मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे।

25. सरकारी/अर्धसरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)" प्रस्तुत करना होगा।
26. प्रवेश के लिए जिन छात्रों का चयन किया जाता है, उन्हें तालिका 1 में विनिर्दिष्ट तारीख को पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। इन छात्रों के लिए कक्षाएं प्रारंभ होने की तारीख भी तालिका 1 में दी गई है।

**महत्वपूर्ण तारीखें**

| क्र.सं | घटना | तारीख |
|---|---|---|
| 1. | आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट खुलने की तिथि | मई 16, 2025 - 1700 घंटे (शुक्रवार) |
| 2. | आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट के खुले रहने की अंतिम तिथि | जून 12, 2025 – 2359 घंटे (गुरूवार) |
| 3. | आवेदन शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तिथि | जून 12, 2025 – 2359 घंटे (गुरूवार) |
| 4. | साक्षात्कार के लिए लघुसूचित उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित करने की तिथि | जून 18, 2025 (बुधवार) |
| 5. | उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार | जून 20 से 27 तक, 2025 |
| 6. | साक्षात्कार के बाद रैंक सूची प्रदर्शित करने की तिथि | जुलाई 03, 2025 (गुरूवार) |
| 7. | प्रथम आबंटन के लिए शुल्क भुगतान | जुलाई 04, 2025 (शुक्रवार) |
| 8. | संस्थान में रिपोर्ट करने की तिथि | अगस्त 01, 2025 (शुक्रवार) |
| 9. | सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए कक्षाएं प्रारंभ होने की तिथि | अगस्त 04, 2025 (सोमवार) |
| 10. | स्नातकोत्तर प्रवेश की अंतिम तिथि | अगस्त 14, 2025 (गुरूवार) |

**<u>आईआईएसटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरने के अनुदेश (सिर्फ MMA01 के लिए)</u>**

1. ऑनलाइन आवेदन http://admission.iist.ac.in के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन भरने से पहले सभी अनुदेश ध्यानपूर्वक पढें।
2. चरण 1: नया उपयोगकर्ता पंजीकरण - आवेदक को पहले नाम, वैध ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और एक नए पासवर्ड के साथ पंजीकरण करना होगा जिसका उपयोग प्रवेश पोर्टल पर आगे लॉगिन करने के लिए किया जाएगा। सफल यूसर क्रियेशन पर आपको एक वैध पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी। कृपया पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस पंजीकरण संख्या और अपने द्वारा निर्धारित पासवर्ड का उपयोग करें।
3. चरण 2: प्रोफाइल पंजीकरण – उपर्युक्त पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। अनुदेश पढ़ें और प्रोफ़ाइल पंजीकरण के लिए आगे बढ़ने हेतु **कंटीन्यू** पर क्लिक करें। कृपया प्रत्येक टैब में सही जानकारी दर्ज करें तथा **फिनिश** और उसके बाद **कन्फर्म** बटन पर क्लिक करें। आप अपने डेटा को अस्थायी रूप से सुरक्षित रखने के लिए **सेव अस ड्राफ़्ट बटन** का उपयोग कर सकते हैं । एक बार पुष्टि हो जाने पर आपको शुल्क पंजीकरण पृष्ठ पर ले जाया जाएगा।

4. चरण 4: पंजीकरण शुल्क का भुगतान करें: पंजीकरण संख्या के साथ आप e - pay के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
5. रैंक सूची **03.07.2025** को प्रकाशित की जाएगी और पहला आवंटन 04.07.2025 को किया जाएगा। लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके, उम्मीदवार ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी सीटों की पुष्टि कर सकते हैं। सीट की पुष्टि के लिए e - pay के द्वारा सीट स्वीकृति शुल्क प्रेषित करना होगा।
6. **यदि रिक्तियां हों तो, नई आबंटन सूची तैयार करके आईआईएसटी वेबसाइट में हर मंगलवार एवं शुक्रवार को 1700 घंटे अद्यतित की जाएगी। जिन उम्मीदवारों का नाम आबंटन सूची में है, उन्हें आबंटित शाखा में अपनी उम्मीदवारी की पुष्टि करने हेतु अगले मंगलवार एवं शुक्रवार को 1100 घंटे से पहले निर्धारित शुल्क प्रेषित करना होगा। ऊपर उल्लिखित अनुसूची में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना वेबसाइट में दी जाएगी।**
7. **उम्मीदवार वेब पोर्टल में लॉगिन करके आवंटन सूची/प्रतीक्षा सूची से अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं।**
8. सभी उम्मीदवारों को अगले रिक्ति भरने के दौरों में तभी विचार किया जाएगा जब वे तालिका 2 में दी गई निर्दिष्ट तिथियों पर वेब पोर्टल में **"रिवालिडेट ऐन्ड प्रोसीड"** विकल्प चुनते हैं।

**तालिका 2: पुनर्वैधीकरण तिथि (सिर्फ MMA01 के लिए)**

| | |
|---|---|
| उम्मीदवारों का पुनर्वैधीकरण राउंड 1 | **जुलाई 25 (1700 घंटा) से 29 (1100 घंटा), 2025 तक** |